मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-07
02/01/2021

बिहार के पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री सरदार बूटा सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 02 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बिहार के पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री सरदार बूटा सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

अपने शोक–संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व0 सरदार बूटा सिंह के रूप में देश ने एक वरिष्ठ नेता को खो दिया है। स्व0 बूटा सिंह ने बिहार के राज्यपाल एवं केन्द्रीय मंत्रिमंडल में कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया था। वे गरीबों के उत्थान के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******